सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 16 | इंदौर, सोमवार 28 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

सावनमास विशेष

# भगवान शिव के "35" रहस्य

## भगवान शिव अर्थात पार्वती के पति शंकर जिन्हें महादेव, भोलेनाथ, आदिनाथ आदि कहा जाता है...

1. **आदिनाथ शिव :** सर्वप्रथम शिव ने ही धरती पर जीवन के प्रचार-प्रसार का प्रयास किया इसलिए उन्हें 'आदिदेव' भी कहा जाता है। 'आदि' का अर्थ प्रारंभ। आदिनाथ होने के कारण उनका एक नाम 'आदिश' भी है।

2. **शिव के अस्त्र-शस्त्र :** शिव का धनुष पिनाक, चक्र भवरेंदु और सुदर्शन, अस्त्र पाशुपतास्त्र और शस्त्र त्रिशूल है। उक्त सभी का उन्होंने ही निर्माण किया था।

3. **भगवान शिव का नाग :** शिव के गले में जो नाग लिपटा रहता है उसका नाम वासुकि है। वासुकि के बड़े भाई का नाम शेषनाग है।

4. **शिव की अर्द्धांगिनी :** शिव की पहली पत्नी सती ने ही अगले जन्म में पार्वती के रूप में जन्म लिया और वही उमा, उर्मि, काली कही गई हैं।

5. **शिव के पुत्र :** शिव के प्रमुख 6 पुत्र हैं- गणेश, कार्तिकेय, सुकेश, जलंधर, अयप्पा और भूमा। सभी के जन्म की कथा रोचक है।

6. **शिव के शिष्य :** शिव के 7 शिष्य हैं जिन्हें प्रारंभिक सप्तऋषि माना गया है। इन ऋषियों ने ही शिव के ज्ञान को संपूर्ण धरती पर प्रचारित किया जिसके चलते भिन्न-भिन्न धर्म और संस्कृतियों की उत्पत्ति हुई। शिव ने ही गुरु और शिष्य परंपरा की शुरुआत की थी। शिव के शिष्य हैं- बृहस्पति, विशालाक्ष, शुक्र, सहस्राक्ष, महेन्द्र, प्राचेतस मनु, भरद्वाज इसके अलावा 8वें गौरशिरस मुनि भी थे।

7. **शिव के गण :** शिव के गणों में भैरव, वीरभद्र, मणिभद्र, चंदिस, नंदी, श्रृंगी, भृगिरिटी, शैल, गोकर्ण, घंटाकर्ण, जय और विजय प्रमुख हैं। इसके अलावा, पिशाच, दैत्य और नाग-नागिन, पशुओं को भी शिव का गण माना जाता है।

8. **शिव पंचायत :** भगवान सूर्य, गणपति, देवी, रुद्र और विष्णु ये शिव पंचायत कहलाते हैं।

9. **शिव के द्वारपाल :** नंदी, स्कंद, रिटी, वृषभ, भृंगी, गणेश, उमा-महेश्वर और महाकाल।

10. **शिव पार्षद** : जिस तरह जय और विजय विष्णु के पार्षद हैं उसी तरह बाण, रावण, चंड, नंदी, भृंगी आदि शिव के पार्षद हैं।

11. **सभी धर्मों का केंद्र शिव :** शिव की वेशभूषा ऐसी है कि प्रत्येक धर्म के लोग उनमें अपने प्रतीक ढूंढ सकते हैं। मुशरिक, यजीदी, साबिईन, सुबी, इब्राहीमी धर्मों में शिव के होने की छाप स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। शिव के शिष्यों से एक ऐसी परंपरा की शुरुआत हुई, जो आगे चलकर शैव, सिद्ध, नाथ, दिगंबर और सूफी संप्रदाय में विभक्त हो गई।

12. **बौद्ध साहित्य के मर्मज्ञ अंतरराष्ट्रीय:** ख्यातिप्राप्त विद्वान प्रोफेसर उपासक का मानना है कि शंकर ने ही बुद्ध के रूप में जन्म लिया था। उन्होंने पालि ग्रंथों में वर्णित 27 बुद्धों का उल्लेख करते हुए बताया कि इनमें बुद्ध के 3 नाम अतिप्राचीन हैं- तणंकर, शणंकर और मेघंकर।

13. **देवता और असुर दोनों के प्रिय शिव :** भगवान शिव को देवों के साथ असुर, दानव, राक्षस, पिशाच, गंधर्व, यक्ष आदि सभी पूजते हैं। वे रावण को भी वरदान देते हैं और राम को भी। उन्होंने भस्मासुर, शुक्राचार्य आदि कई असुरों को वरदान दिया था। शिव, सभी आदिवासी, वनवासी जाति, वर्ण, धर्म और समाज के सर्वोच्च देवता हैं।

14. **शिव चिह्न :** वनवासी से लेकर सभी साधारण व्यक्ति जिस चिह्न की पूजा कर सकें, उस पत्थर के ढेले, बटिया को शिव का चिह्न माना जाता है। इसके अलावा रुद्राक्ष और त्रिशूल को भी शिव का चिह्न माना गया है। कुछ लोग डमरू और अर्द्ध चन्द्र को भी शिव का चिह्न मानते हैं, हालांकि ज्यादातर लोग शिवलिंग अर्थात शिव की ज्योति का पूजन करते हैं।

15. **शिव की गुफा :** शिव ने भस्मासुर से बचने के लिए एक पहाड़ी में अपने त्रिशूल से एक गुफा बनाई और वे फिर उसी गुफा में छिप गए। वह गुफा जम्मू से 150 किलोमीटर दूर त्रिकूटा की पहाड़ियों पर है। दूसरी ओर भगवान शिव ने जहां पार्वती को अमृत ज्ञान दिया था वह गुफा 'अमरनाथ गुफा' के नाम से प्रसिद्ध है।

16. **शिव के पैरों के निशान :** श्रीपद- श्रीलंका में रतन द्वीप पहाड़ की चोटी पर स्थित श्रीपद नामक मंदिर में शिव के पैरों के निशान हैं। ये पदचिह्न 5 फुट 7 इंच लंबे और 2 फुट 6 इंच चौड़े हैं। इस स्थान को सिवानोलीपदम कहते हैं। कुछ लोग इसे आदम पीक कहते हैं। रुद्र पद- तमिलनाडु के नागपट्टीनम जिले के थिरुवेंगडू क्षेत्र में श्रीस्वेदारण्येश्वर का मंदिर में शिव के पदचिह्न हैं जिसे 'रुद्र पदम' कहा जाता है। इसके अलावा थिरुवन्नामलाई में भी एक स्थान पर शिव के पदचिह्न हैं।तेजपुर- असम के तेजपुर में ब्रह्मपुत्र नदी के पास स्थित रुद्रपद मंदिर में शिव के दाएं पैर का निशान है। जागेश्वर- उत्तराखंड के अल्मोड़ा से 36 किलोमीटर दूर जागेश्वर मंदिर की पहाड़ी से लगभग साढ़े 4 किलोमीटर दूर जंगल में भीम के मंदिर के पास शिव के पदचिह्न हैं। पांडवों को दर्शन देने से बचने के लिए उन्होंने अपना एक पैर यहां और दूसरा कैलाश में रखा



था। रांची- झारखंड के रांची रेलवे स्टेशन से। 7 किलोमीटर की दूरी पर 'रांची हिल' पर शिवजी के पैरों के निशान हैं। इस स्थान को 'पहाड़ी बाबा मंदिर' कहा जाता है।

17. **शिव के अवतार :** -वीरभद्र, पिप्पलाद, नंदी, भैरव, महेश, अश्वत्थामा, शरभावतार, गृहपति, दुर्वासा, हनुमान, वृषभ, यतिनाथ, कृष्णदर्शन, अवधूत, भिक्षुवर्य, सुरेश्वर, किरात, सुनटनर्तक, ब्रह्मचारी, यक्ष, वैश्यानाथ, द्विजेश्वर, हंसरूप, द्विज, नतेश्वर आदि हुए हैं। वेदों में रुद्रों का जिक्र है। रुद्र 11 बताए जाते हैं- कपाली, पिंगल, भीम, विरुपाक्ष, विलोहित, शास्ता, अजपाद, आपिर्बुध्य, शंभू, चण्ड तथा भव।

18. **शिव का विरोधाभासिक परिवार :** शिवपुत्र कार्तिकेय का वाहन मयूर है, जबकि शिव के गले में वासुकि नाग है। स्वभाव से मयूर और नाग आपस में दुश्मन हैं। इधर गणपति का वाहन चूहा है, जबकि सांप मूषकभक्षी जीव है। पार्वती का वाहन शेर है, लेकिन शिवजी का वाहन तो नंदी बैल है। इस विरोधाभास या वैचारिक भिन्नता के बावजूद परिवार में एकता है।

19. **तिब्बत स्थित कैलाश पर्वत** पर उनका निवास है। जहां पर शिव विराजमान हैं उस पर्वत के ठीक नीचे पाताल लोक है जो भगवान विष्णु का स्थान है। शिव के आसन के ऊपर वायुमंडल के पार क्रमशः स्वर्ग लोक और फिर ब्रह्माजी का स्थान है।

20. **शिव भक्त :** ब्रह्मा, विष्णु और सभी देवी-देवताओं सहित भगवान राम और कृष्ण भी शिव भक्त है। हरिवंश पुराण के अनुसार, कैलास पर्वत पर कृष्ण ने शिव को प्रसन्न करने के लिए तपस्या की थी। भगवान राम ने रामेश्वरम में शिवलिंग स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की थी।

21. **शिव ध्यान :** शिव की भक्ति हेतु शिव का ध्यान-पूजन किया जाता है। शिवलिंग को बिल्वपत्र चढ़ाकर शिवलिंग के समीप मंत्र जाप या ध्यान करने से मोक्ष का मार्ग पुष्ट होता है।

22. **शिव मंत्र :** दो ही शिव के मंत्र हैं पहला- ॐ नमः शिवाय। दूसरा महामृत्युंजय मंत्र- ॐ ह्रौं जूं सः। ॐ भूः भुवः स्वः। ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्। स्वः भुवः भूः ॐ। सः जूं ह्रौं ॐ ॥ है।

23. **शिव व्रत और त्योहार :** सोमवार, प्रदोष और श्रावण मास में शिव व्रत रखे जाते हैं। शिवरात्रि और महाशिवरात्रि शिव का प्रमुख पर्व त्योहार है।

24. **शिव प्रचारक :** भगवान शंकर की परंपरा को उनके शिष्यों बृहस्पति, विशालाक्ष (शिव), शुक्र, सहस्राक्ष, महेन्द्र, प्राचेतस मनु, भरद्वाज, अगस्त्य मुनि, गौरशिरस मुनि, नंदी, कार्तिकेय, भैरवनाथ आदि ने आगे बढ़ाया। इसके अलावा वीरभद्र, मणिभद्र, चंदिस, नंदी, श्रृंगी, भृगिरिटी, शैल, गोकर्ण, घंटाकर्ण, बाण, रावण, जय और विजय ने भी शैवपंथ का प्रचार किया। इस परंपरा में सबसे बड़ा नाम आदिगुरु भगवान दत्तात्रेय का आता है। दत्तात्रेय के बाद आदि शंकराचार्य, मत्स्येन्द्रनाथ और गुरु गुरुगोरखनाथ का नाम प्रमुखता से लिया जाता है।

25. **शिव महिमा :** शिव ने कालकूट नामक विष पिया था जो अमृत मंथन के दौरान निकला था। शिव ने भस्मासुर जैसे कई असुरों को वरदान दिया था। शिव ने कामदेव को भस्म कर दिया था। शिव ने गणेश और राजा दक्ष के सिर को जोड़ दिया था। ब्रह्मा द्वारा छल किए जाने पर शिव ने ब्रह्मा का पांचवां सिर काट दिया था।

26. **शैव परम्परा :** दसनामी, शाक्त, सिद्ध, दिगंबर, नाथ, लिंगायत, तमिल शैव, कालमुख शैव, कश्मीरी शैव, वीरशैव, नाग, लकुलीश, पाशुपत, कापालिक, कालदमन और महेश्वर सभी शैव परंपरा से हैं। चंद्रवंशी, सूर्यवंशी, अग्निवंशी और नागवंशी भी शिव की परंपरा से ही माने जाते हैं। भारत की असुर, रक्ष और आदिवासी जाति के आराध्य देव शिव ही हैं। शैव धर्म भारत के आदिवासियों का धर्म है।

27. **शिव के प्रमुख नाम :** शिव के वैसे तो अनेक नाम हैं जिनमें 108 नामों का उल्लेख पुराणों में मिलता है लेकिन यहां प्रचलित नाम जानें- महेश, नीलकंठ, महादेव, महाकाल, शंकर, पशुपतिनाथ, गंगाधर, नटराज, त्रिनेत्र, भोलेनाथ, आदिदेव, आदिनाथ, त्रियंबक, त्रिलोकेश, जटाशंकर, जगदीश, प्रलयंकर, विश्वनाथ, विश्वेश्वर, हर, शिवशंभु, भूतनाथ और रुद्र।

28. **अमरनाथ के अमृत वचन :** शिव ने अपनी अर्धांगिनी पार्वती को मोक्ष हेतु अमरनाथ की गुफा में जो ज्ञान दिया उस ज्ञान की आज अनेकानेक शाखाएं हो चली हैं। वह ज्ञानयोग और तंत्र के मूल सूत्रों में शामिल है। 'विज्ञान भैरव तंत्र' एक ऐसा ग्रंथ है, जिसमें भगवान शिव द्वारा पार्वती को बताए गए 112 ध्यान सूत्रों का संकलन है।

29. **शिव ग्रंथ :** वेद और उपनिषद सहित विज्ञान भैरव तंत्र, शिव पुराण और शिव संहिता में शिव की संपूर्ण शिक्षा और दीक्षा समाई हुई है। तंत्र के अनेक ग्रंथों में उनकी शिक्षा का विस्तार हुआ है।

30. **शिवलिंग :** वायु पुराण के अनुसार प्रलयकाल में समस्त सृष्टि जिसमें लीन हो जाती है और पुनः सृष्टिकाल में जिससे प्रकट होती है, उसे लिंग कहते हैं। इस प्रकार विश्व की संपूर्ण ऊर्जा ही लिंग की प्रतीक है। वस्तुतः यह संपूर्ण सृष्टि बिंदु-नाद स्वरूप है। बिंदु शक्ति है और नाद शिव। बिंदु अर्थात ऊर्जा और नाद अर्थात ध्वनि। यही दो संपूर्ण ब्रह्मांड का आधार है। इसी कारण प्रतीक स्वरूप शिवलिंग की पूजा-अर्चना है।

31. **बारह ज्योतिर्लिंग :** सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ॐकारेश्वर, वैद्यनाथ, भीमशंकर, रामेश्वर, नागेश्वर, विश्वनाथजी, त्र्यम्बकेश्वर, केदारनाथ, घृष्णेश्वर। ज्योतिर्लिंग उत्पत्ति के संबंध में अनेकों मान्यताएं प्रचलित है। ज्योतिर्लिंग यानी 'व्यापक ब्रह्मात्मलिंग' जिसका अर्थ है 'व्यापक प्रकाश'। जो शिवलिंग के बारह खंड हैं। शिवपुराण के अनुसार ब्रह्म, माया, जीव, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार, आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी को ज्योतिर्लिंग या ज्योति पिंड कहा गया है। दूसरी मान्यता अनुसार शिव पुराण के अनुसार प्राचीनकाल में आकाश से ज्योति पिंड पृथ्वी पर गिरे और उनसे थोड़ी देर के लिए प्रकाश फैल गया। इस तरह के अनेकों उल्का पिंड आकाश से धरती पर गिरे थे। भारत में गिरे अनेकों पिंडों में से प्रमुख बारह पिंड को ही ज्योतिर्लिंग में शामिल किया गया।

32. **शिव का दर्शन :** शिव के जीवन और दर्शन को जो लोग यथार्थ दृष्टि से देखते हैं वे सही बुद्धि वाले और यथार्थ को पकड़ने वाले शिवभक्त हैं, क्योंकि शिव का दर्शन कहता है कि यथार्थ में जियो, वर्तमान में जियो, अपनी चित्तवृत्तियों से लड़ो मत, उन्हें अजनबी बनकर देखो और कल्पना का भी यथार्थ के लिए उपयोग करो। आइंस्टीन से पूर्व शिव ने ही कहा था कि कल्पना ज्ञान से ज्यादा महत्वपूर्ण है।

33. **शिव और शंकर :** शिव का नाम शंकर के साथ जोड़ा जाता है। लोग कहते हैं- शिव, शंकर, भोलेनाथ। इस तरह अनजाने ही कई लोग शिव और शंकर को एक ही सत्ता के दो नाम बताते हैं। असल में, दोनों की प्रतिमाएं अलग-अलग आकृति की हैं। शंकर को हमेशा तपस्वी रूप में दिखाया जाता है। कई जगह तो शंकर को शिवलिंग का ध्यान करते हुए दिखाया गया है। अतः शिव और शंकर दो अलग अलग सत्ताएं है। हालांकि शंकर को भी शिवरूप माना गया है। माना जाता है कि महेष (नंदी) और महाकाल भगवान शंकर के द्वारपाल हैं। रुद्र देवता शंकर की पंचायत के सदस्य हैं।

34. **देवों के देव महादेव :** देवताओं की दैत्यों से प्रतिस्पर्धा चलती रहती थी। ऐसे में जब भी देवताओं पर घोर संकट आता था तो वे सभी देवाधिदेव महादेव के पास जाते थे। दैत्यों, राक्षसों सहित देवताओं ने भी शिव को कई बार चुनौती दी, लेकिन वे सभी परास्त होकर शिव के समक्ष झुक गए इसीलिए शिव हैं देवों के देव महादेव। वे दैत्यों, दानवों और भूतों के भी प्रिय भगवान हैं। वे राम को भी वरदान देते हैं और रावण को भी।

35. **शिव हर काल में :** भगवान शिव ने हर काल में लोगों को दर्शन दिए हैं। राम के समय भी शिव थे। महाभारत काल में भी शिव थे और विक्रमादित्य के काल में भी शिव के दर्शन होने का उल्लेख मिलता है। भविष्य पुराण अनुसार राजा हर्षवर्धन को भी भगवान शिव ने दर्शन दिये थे।।

**।। ॐ नमः शिवाय, हर हर महादेव, ।।**

DGR @ पंडित नितिन अवस्थी

# वार्ड क्रमांक-15 में तीन करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

## हमारे किले-महल समृद्ध वैज्ञानिक परंपरा को दिखाते हैं, यह अनुसंधान के केंद्र हैं: मंत्री श्री विजयवर्गीय

◆ साथ ही 11 हजार पौधों के वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ, सफाई मित्रों का हुआ सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रविवार को इंदौर विधानसभा क्षेत्र-एक के अंतर्गत वार्ड क्रमांक-15 में तीन करोड़ की लागत से कराए जाने वाले विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक-15 में निरंतर हो रहे सामाजिक और विकासात्मक प्रयासों के लिए स्थानीय पार्षद श्रीमती ममता सुभाष सुनेरे की सराहना की जानी चाहिए। राजनीति के साथ-साथ सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी से समाज में समरसता आती है। माताएं-बहनें सशक्त बने, आर्थिक रुप से संपन्न बने इसके लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से जुड़कर सहभागीता करनी चाहिए।**

### वृक्षारोपण शिवलोक की स्थापना के समान है



इस अवसर पर मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि क्षेत्र में आज से एक हजार पौधे और लगातार 11 दिनों तक एक-एक हजार पौधे लगाए जाएंगे। इस तरह 11 हजार पौधे पार्षद श्रीमती ममता सुभाष सुनेर के नेतृत्व में लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपनी माँ के साथ एक पेड़ जरूरी लगाए। पेड़ जब बड़ा हो जाएगा और उसकी छाया में बैठे तो आपको यह एहसास होगा की हम मां की छाया में ही बैठे हैं। उन्होंने कहा कि सावन के महीने में एक पेड़ लगाना एक शिव मंदिर के निर्माण के समान है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि आगे कहा कि पेड़ कार्बन डाई ऑक्साइड रूपी हानिकारक गैसों को ग्रहण करते हैं और अमृत रूपी ऑक्सीजन हमें प्रदान करते हैं।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर शहर को हरा-भरा बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें बच्चों को विरासत के रूप में यह हरियाली देकर जाना है। यह संपत्ति सोने-चांदी से भी महंगी है। मुझे गर्व है कि इंदौर में वृक्षारोपण के लिए जागृति है। पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति, हमारी विरासत महान है। यूनेस्को ने हमारे कई किलों को विश्व विरासत सूची में जगह दी है। हमारे किले-महल अनुसंधान के केंद्र है। उस समय इनको बनाने में शुद्ध वायु के आवागमन का ख्याल रखा जाता था इसलिए ये किले हजार साल पहले बगैर ऐसी के शीतल रहते थे। यह हमारी समृद्ध वैज्ञानिक परंपरा को भी बताते हैं। बड़े-बड़े पत्थर कैसे पहाड़ों पर पहुंचाकर किले बनाए यह रिसर्च का विषय है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और अनुशासित दिनचर्या पर विशेष बल देते हुए माता-बहनों से आग्रह किया कि वे संतुलित आहार, व्यायाम और मोबाइल के सीमित उपयोग की दिशा में सजग रहें। व्यायाम के अभाव और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के कारण आज बच्चों की सेहत पर गंभीर असर हो रहे हैं।

### वैज्ञानिक परंपरा और शोध पर बल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद अनुसंधान एवं नवाचार को मिली गति का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत और शोध के ही परिणाम है कि हमारी सेना ने मात्र 22 मिनट में दुश्मन देश को जवाब दिया। यह आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी तकनीकों का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे किले और महल केवल स्थापत्य कला का प्रतीक नहीं, बल्कि प्राचीन भारत की वैज्ञानिक उन्नति के केंद्र रहे हैं, जो आज भी शोध का विषय हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि हमारी प्राचीन भाषा, संस्कृति और वास्तुकला पर शोध की आवश्यकता है।

### सफाई मित्रों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर एक करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से केंद्रीय विद्यालय से बिजासन मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं एक करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से वार्ड के सात स्थानों पर विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर इंदौर को आठवीं बार स्वच्छता का सिरमौर बनाने पर वार्ड-15 की समस्त महिला सफाई मित्रों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया और उपहार स्वरूप साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण भी किया गया। वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत भी इसी अवसर पर की गई, जिसमें वार्ड में 11 हजार पौधे लगाए जाने का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती ममता सुनेरे, श्रीमती बरखा नितिन मालू, अशोक चौहान 'चांदू नेता', गगन यादव, अश्विनी शुक्ला सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे।

# दाल उद्योग मंडी टैक्स और जीएसटी की दोहरी मार से परेशान

## मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सूक्ष्म और लघु उद्योगों (एमएसएमई) श्रेणी में होने के बाद भी दाल उद्योगों को किसी तरह की राहत नहीं मिल रही। इसके उलट दाल उद्योगों पर दोहरे टैक्स का भार आ रहा है। ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि प्रदेश में मंडी टैक्स से दलहन और अनाज को छूट मिलना चाहिए। दोहरे टैक्स के चलते मप्र से दाल मिलों के पलायन की ओर भी मुख्यमंत्री ने ध्यान दिलाया। ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल व पदाधिकारी पूर्व सांसद व पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे के साथ मुख्यमंत्री से दाल उद्योग की परेशानी पर चर्चा करने भोपाल पहुंचे। दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से कहा कि मप्र में दलहन पर मंडी टैक्स लगा रखा है। यह टैक्स सिर्फ प्रदेश की उपज पर ही नहीं लग रहा। कोई कारोबारी किसी दूससे प्रदेश या देश से दलहन आयात करता है तो उसे भी प्रदेश में अलग से मंडी टैक्स देना होता है। जबकि जहां से वह दलहन खरीदा है उस प्रदेश या आयात के लिए केंद्र सरकार को भी वह टैक्स देता ही है। ऐसे में मप्र में दलहन पर दो बार टैक्स लग जाता है जबकि अन्य प्रदेशों में तो दलहन व अनाजों को मंडी टैक्स से बाहर रखा गया है। कुछ प्रदेश जो दलहन पर मंडी टैक्स ले रहे हैं वह भी आयातित दलहन पर दोबारा टैक्स नहीं लेते। छत्तीसगढ़ में अनाज दलहन को पूरी तरह मंडी टैक्स से छूट है। गुजरात और महाराष्ट्र में बाहरी दलहन पर मंडी टैक्स नहीं लिया जाता। ऐसे में मप्र के दाल उद्योग अब धीरे-धीरे जलगांव, अकोला, दाहोद, आणंद जैसे दूसरे प्रदेश के शहर में शिफ्ट हो रही है। ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन की वार्षिक बैठक इंदौर में आयोजित होगी। इस दौरान देशभर के मिलर्स इसमें शामिल होंगे। बैठक में दालों पर लग रहे 5 प्रतिशत जीएसटी का मुद्दा भी उठेगा। एसोसिएशन के अनुसार जीएसटी लागू होने के पहले दालों पर किसी भी तरह का टैक्स या वाणिज्यकर नहीं लगता था। अब 5 प्रतिशत टैक्स लग रहा है।

# होलकर स्टेडियम की दूधिया रोशनी बढ़ी

◆ एलईडी लगाने से बिजली खपत हो गई कम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के होलकर स्टेडियम में अब डे-नाइट क्रिकेट मैच ज्यादा दुधिया रोशनी में खेले जा सकेंगे। स्टेडियम की लाइट सत्रह साल बाद बदली गई है। स्टेडियम में जो छह टॉवरों से दूधिया रोशनी हरी घास पर आती है। उस पर अब नए 378 एलईडी लाइट लगाई जा रही है। इससे स्टेडियम की रोशनी बढ़ गई है और आने वाले बिजली बिल की खपत भी कम हो गई है।**



पहले स्टेडियम के टॉवरों पर जो हेलोजन लगे थे। उनका रखरखाव भी ज्यादा होता था। टॉवरों पर प्रशिक्षित कर्मचारी ही चढ़ पाते है। इस कारण रखरखाव में जोखिम भी ज्यादा रहता था और खर्च भी अधिक लगता था, लेकिन अब एलईडी लाइट लगाने से रखरखाव भी कम होगा। महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप के इस वर्ष होने वाले मुकाबले के कुछ मैच इंदौर के इस होलकर स्टेडियम में भी खेले जा सकते है। इस स्टेडियम में रणजी मैच और क्रिकेट के अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले हो चुके है। ज्यादातर डे-नाइट क्रिकेट मैच इस स्टेडियम में हुए है। स्टेडियम की बैठक क्षमता तीस हजार है। यह स्टेडियम ग्वालियर के रणजीत सिंह स्टेडियम की तुलना में बड़ा है। इसका निर्माण मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने किया है। वर्ष 2010 में इस स्टेडियम का नाम उषा राजे स्टेडियम से बदलकर होलकर स्टेडियम किया गया है। क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए अंतर्राष्ट्रीय मैच में 219 रन बनाने का रिकार्ड इस स्टेडियम में 8 दिसंबर 2011 को बनाया था। इंदौर में एमपीसीए एक और स्टेडियम बनाना चाहता है। इसके लिए सुपर कॉरिडोर पर इंदौर विकास प्राधिकरण से जमीन खरीदने की पेशकश भी की गई थी, लेकिन आईडीए ज्यादा राशि मांग रहा था। इस कारण सौदा नहीं हो पाया।

# जन्मी दो सिर वाली बच्ची की हालत स्थिर

## वेंटिलेटर सपोर्ट और मदर फीडिंग बना सहारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के महाराजा तुकोजीराव हॉस्पिटल में कुछ दिन पहले जन्मी दो सिर वाली बच्ची की हालत गंभीर लेकिन स्थिर बनी हुई है। उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है और सांस लेने में परेशानी हो रही है। डॉक्टरों की टीम 24 घंटे उसकी निगरानी कर रही है। पिछले पांच दिनों से उसे मां का दूध दिया जा रहा है, जिससे उसे जरूरी पोषण मिल रहा है। बच्ची का वजन 2.8 किलो है, जो सामान्य माना जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्ची के दो दिल और दो दिमाग हैं। इनमें से एक दिल पूरी तरह विकसित नहीं है, जबकि दूसरा दिल



भी सही से काम नहीं कर रहा है। इसी वजह से उसे सांस लेने में दिक्कत है और वह पूरी तरह ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। बच्ची को संक्रमण न हो, इसका खास ध्यान रखा जा रहा है। परिजन भी अस्पताल में मौजूद हैं और डॉक्टर उन्हें बच्ची की स्थिति के बारे में लगातार जानकारी दे रहे हैं। यह मामला डॉक्टरों के लिए बहुत खास है, क्योंकि इस तरह की विकृति वाले बच्चे या तो गर्भ में ही दम तोड़ देते हैं या जन्म के कुछ घंटों के भीतर ही उनकी मौत हो जाती है। ऐसे में इस बच्ची का जीवित रहना मेडिकल टीम के लिए एक चुनौती बन गया है। एमटीएच के डॉक्टरों के साथ-साथ एमजीएम मेडिकल कॉलेज की टीम भी बच्ची की हालत पर नजर रखे हुए है और इलाज में मदद कर रही है।

मंत्री विजयवर्गीय के घर लंच पॉलिटिक्स...

# सांसद, पांच विधायक घर पहुंचे... सभी ने साथ मिलकर भोजन किया

◆ विधायक मालिनी गौड़, पूर्व मंत्री उषा ठाकुर और मनोज पटेल नजर नहीं आए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय हमेशा सुर्खियों में बने रहना जानते है। पिछले माह पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को उन्होंने अपने घर भोज पर बुलाया तो राजनीतिक हलकों में चर्चा चल पड़ी और कई तरह के कयास लगाए जाने लगे। अब उन्होंने शहर के जनप्रतिधियों को अपने घर भोज का न्यौता दे दिया। रविवार दोपहर इंदौर के सांसद, पांच विधायक उनके घर पहुंचे और करीब डेढ़ घंटे रहे। सभी ने साथ मिलकर भोजन किया और शहर की राजनीति से जुड़ी बातें भी की। अब राजनीतिक गलियारों में इस लंच पॉलिटिक्स की चर्चा हो रही है, हालांकि लंच में शामिल हुए विधायक कह रहे थे कि पारिवारिक माहौल में हमने साथ मिलकर भोज किया। दोपहर में मेयर पुष्य मित्र भार्गव आए। विधायक रमेश मेंदोला पहले ही आ चुके थे। इसके बाद विधायक मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, मंत्री तुलसी सिलावट पहुंचे। सांसद शंकर लालवानी के अलावा इंदौर के प्रभारी राघवेंद्र गौतम, पूर्व विधायक जीतू जिराती और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी भोज में शामिल हुए। सबसे बाद में विधायक महेंद्र हार्डिया आए। निवास की पहली मंजिल पर सभी ने साथ मिलकर मालवीय व्यंजन दाल बाफले, बेसन गट्टे की सब्जी, चूरमा लड्डू का स्वाद लिया। मंत्री के परिवार के सदस्यों ने खुद अपने हाथों से सभी को भोजन परोसा। भोजन के बाद विजयवर्गीय ने घर आए मेहमानों को आरएसएस पर लिखी एक पुस्तक भेंट की। इस लंच में वैसे तो सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था, लेकिन विधायक मालिनी गौड़, पूर्व मंत्री उषा ठाकुर और मनोज पटेल नजर नहीं आए। विजयवर्गीय बारिश के सीजन में भोपाल स्थित निवास पर भी भुट्टा पार्टी आयोजित करते है।

# इंदौर को ट्रैफिक में नंबर 1 बनाने बाइक रैली निकली

## महापौर-विधायक ने चलाई बाइक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। स्वच्छता के बाद अब इंदौर को ट्रैफिक सुधार में भी देशभर में नंबर वन बनाने की कवायद की जा रही है। ऐसे में रविवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में ट्रैफिक मित्र अभियान के तहत बाइक राइड प्रोग्राम का आयोजन किया गया। विजय नगर से राजीव गांधी सर्कल और फिर वापसी तक इस जागरूकता राइड में बड़ी संख्या में बाइकर्स ने भाग लिया। खास बात यह रही कि इस अभियान में आम जनता के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी सक्रिय भागीदार बने। इंदौर को ट्रैफिक में भी नंबर वन बनाने को लेकर जनता को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक रमेश मेंदोला ने जागरूकता का संदेश देने के लिए खुद बाइक राइड भी की। शहर के अलग-अलग मार्ग पर उन्होंने बाइक राइड की। इस मौके पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर स्वच्छता में सिरमौर है, अब हमें ट्रैफिक मैनेजमेंट में भी देश को रोल मॉडल बनाना है। ट्रैफिक मित्र अभियान इसी दिशा में एक मजबूत कदम है, जिसमें अब तक एक हजार से ज्यादा वॉलंटियर्स शहर को जागरूक कर रहे हैं।

## यह इंदौर का सौभाग्य है कि दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चों के कौशल विकास का स्किल डेवलपमेंट का समग्र केंद्र बनने जा रहा है : शंकर लालवानी, सांसद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

दृष्टि बाधित दिव्यांगों का कौशल विकास कार्यक्रम, स्किल डेवलपमेंट शिविर देश के युवा का विकास, परोक्ष रूप में देश का विकास है, प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के विजन को सही रूप में दृष्टि देने का काम हो रहा है।यह हमारे इंदौर का सदा नंबर वन बनने के और नंबर वन रहने के जुनून का, सौभाग्य का कार्य है जो महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन मिसो के द्वारा इंदौर को प्रथम बार मध्यप्रदेश की धरती पर चुना गया। इंदौर का सांसद होने के कारण मैं यहां आया मगर यहां का सर्वोत्तम कार्य देखने के बाद कह सकता हूं कि मैं सदा ऐसे कार्य से जुड़ा रहा हूं और आज एक नई दृष्टि से ,सृष्टि रचना का कार्य करने का संकल्प लेता हूं और इंदौर की ओर से सर्व सहयोग का आश्वासन देता हूं।आपके संगठन का मैं सहभागी रहूंगा और इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं, ये जल्दी प्रशिक्षित होकर अन्य दिव्यांगों को प्रशिक्षित करें और समाज को नई राह दिखाएं। एक बार पुनः बधाईयां और आभार। प्रारंभ में स्वागत समन्वयक अरुण कुमार जैन ने किया और आभार प्रकट किया कि संसद सत्र के चलते अति व्यस्तता के बीच शंकरजी ने हमें समय दिया।

एक दूसरे कार्यक्रम में एडिशनल कमिश्नर पुलिस क्राइम राजेश दंडोतिया ने बच्चों को गुड टच, बेड टच और ड्रग के विरुद्ध जन आवाज बनने का आव्हान किया और देश भक्ति की अलख जगाए रखने का संदेश दिया।संस्था अध्यक्ष पुष्प जैन ने स्वागत किया और स्मृति चिन्ह हुल्लास बेताला ने भेंट दिया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी अरुण कुमार जैन ने माना। दोपहर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान लोकेश कावड़िया महामंत्री के मित्र मंडल ने उनका स्वागत किया।उनके कार्यों की और संस्था की गतिविधियों की महती प्रशंसा की। इंदौर नगर के कावड़ यात्रियों ने विधायक गोलू शुक्ला के नेतृत्व में दिव्यांग जन का सम्मान किया और संस्था की ओर से कावड़ यात्रियों का स्वागत किया गया। हरीश विजयवर्गीय का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिसके लिए उनका सम्मान किया गया।

# इंदौर से 15 जिलों के सरकारी अस्पतालों में भर्ती नवजात की होगी देखभाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में अब निजी अस्पतालों की तरह ही शासकीय अस्पतालों में भी इलाज की सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। अब एमजीएम मेडिकल कालेज के एमटीएच अस्पताल से इंदौर-उज्जैन संभाग के 15 जिलों के जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज के 16 एसएनसीयू में भर्ती नवजात की देखभाल की जाएगी।

यहां राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत ई-शिशु पोर्टल शुरू किया जा रहा है, जिसमें वीडियो कालिंग के माध्यम से यहां के विशेषज्ञ नवजात का इलाज करेंगे। इससे उन्हें वहीं इलाज मिल सकेगा और रेफर करने की संख्या में भी कमी आएगी। इसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की टीम भी एमटीएच अस्पताल में निरीक्षण के लिए आई थी। विशेषज्ञों के मुताबिक जिला अस्पतालों में जो भी नवजात उपचार के लिए आएंगे, यहां से शिशुरोग विशेषज्ञ वीडियो कालिंग के माध्यम से देखकर उपचार करेंगे। यदि आवश्यकता होगी तभी उन्हें इलाज के लिए इंदौर बुलाएंगे। प्रोजेक्ट के तहत एमटीएच अस्पताल में बड़ी स्क्रीन लगेगी, जिसमें 24 घंटे सभी जिलों के अस्पतालों के एसएनसीयू वार्ड की मानिटरिंग की जाएगी। वहीं 16 एसएनसीयू वार्ड में टैबलेट दिए जाएंगे, जिससे वे मरीज को दिखा सकेंगे और इलाज की हिस्ट्री भेज सकेंगे। प्रदेश में पहली बार इस तरह से नवजातों की देखभाल की सुविधा शुरू की जा रही है। हैदराबाद के शासकीय निलोफर अस्पताल में 44 अस्पतालों के एसएनसीयू को इस तरह के प्रोजेक्ट से जोड़ा गया है। वहां यह प्रोजेक्ट सफल रहा है। यह टेलीमेडिसिन के अंतर्गत कार्य करेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक इस सुविधा से छोटे जिलों के जिला अस्पताल में आने वाले नवजात को स्थानीय स्तर पर ही इलाज मिल सकेगा। यहां से विशेषज्ञ नवजात को देखकर इलाज और दवाइयों की सलाह देंगे। बता दें कि अभी तक जिला अस्पतालों में जटिल मामलों के लिए बच्चों को इंदौर रेफर किया जाता है।

### इन जिलों को मिलेगा लाभ

प्रोजेक्ट से इंदौर संभाग के इंदौर, आलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा, खरगोन और उज्जैन संभाग के उज्जैन, देवास, मंदसौर, नीमच, रतलाम, शाजापुर, आगर मालवा जिले शामिल हैं।

# सफेद कार, पुलिस चेकिंग और पीछे मिली 'वो'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भाजपा नेता कमाल खान के बेटे माज खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। माज पर आरोप है कि उसने पुलिसकर्मियों को कार से कुचलने की कोशिश की और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। घटना धेनु मार्केट में हुई, जहां माज ड्रग्स की डिलीवरी देने जा रहा था। पुलिस ने माज की कार से संदिग्ध पाउडर और एक युवती को भी बरामद किया है।**



क्राइम ब्रांच की टीम ने भाजपा नेता कमाल खान के बेटे माज खान को फिल्मी अंदाज में पकड़ा। माज ने पुलिसकर्मियों को कार से रौंदने की कोशिश भी की। पुलिसकर्मियों ने बाइक से कूदकर जान बचाई। माज की कार से संदिग्ध पाउडर और एक युवती मिली है। उसके खिलाफ हत्या की कोशिश और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज हुआ है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून) अमित सिंह के अनुसार घटना धेनु मार्केट की है। डीसीपी (अपराध) राजेश कुमार त्रिपाठी को सूचना मिली थी कि माज ड्रग्स की डिलीवरी देने जा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई गई थीं। शाम को वह सफेद रंग की कार (एमपी 09 डब्ल्यूबी 0860) से जाता हुआ दिखा। सादे कपड़ों में तैनात पुलिसकर्मियों ने कार रोकने की कोशिश की पर माज धेनू मार्केट में घुस गया। उसने पुलिसकर्मियों को टक्कर मार दी। बाइक कार में ही फंस गई पुलिसकर्मी कूद गए पर बाइक कार में ही फंस गई। राहगीरों की मदद से माज की कार रोकी तो हंगामा करने लगा। उसने पुलिसकर्मियों पर आरोप लगाए और अभद्रता की। तलाशी लेने पर कार की पिछली सीट पर एक युवती और संदिग्ध पाउडर मिला। माज को तुकोगंज थाने के सुपुर्द किया गया। रात में अपराध शाखा के पुलिसकर्मियों ने लिखित शिकायत कर हत्या की कोशिश और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज करवाया। पुलिस ने माज खान को घेरकर गिरफ्तार कर लिया है। कार की टक्कर से पुलिसकर्मियों की बाइक उसमें फंस गई थी। पुलिस ने जब युवती को निकाला तो कार से पाउडर मिल गया। पुलिस और फोरेंसिक अफसर उसकी जांच में जुटे रहे। रात में एनसीबी अफसरों को भी बुलाया पर कुछ भी स्पष्ट नहीं हुआ। कार में मिली युवती दुष्कर्म के केस में फरियादी रह चुकी है। उसके फोन में कुछ लोगों के साथ चैटिंग मिली है। पुलिस और खुफिया तंत्र इसकी जांच में जुट गया है। पुलिस साजिश की भी जांच कर रही है। पकड़ते ही माज ने हंगामा करना शुरू कर दिया। उसने पुलिसकर्मियों से कहा कि वीडियोग्राफी कर तलाशी ले लो।

# भाजपा नेता ने बीईओ को मारा थप्पड़... टेरर टैक्स मांगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड, एजेंसी।** जिले के मेहगांव ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) राजवीर शर्मा ने भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा पर थप्पड़ मारने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में एफआईआर दर्ज नहीं होने को लेकर कांग्रेस रविवार को थाने का घेराव करने वाली थी। इससे पहले ही पुलिस ने शनिवार रात 10 बजे भाजपा नेता पर एफआईआर दर्ज कर ली। बीईओ राजवीर शर्मा का आरोप है कि 10 जुलाई को सीएम राइस स्कूल में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम चल रहा था। तभी भाजपा नेता नीरज शर्मा वहां पहुंचे। उन्होंने टेरर टैक्स के नाम पर 20 हजार रुपए मांगे, मना करने पर कहने लगे- स्कूलों की भोजन योजना अपनी मर्जी से चलाऊंगा, तुम्हें पद से हटवा दूंगा। बीईओ ने बताया, विरोध किया तो भाजपा नेता ने गाली-गलौज कर मुझे थप्पड़ मारा और जान से मारने की धमकी दी। ये पूरी घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई थी। राजनीतिक दबाव के चलते फुटेज डिलीट करवा दी गई। कांग्रेस ने रविवार को प्रदर्शन करके पुलिस को चेतावनी दी है कि भाजपा नेता की गिरफ्तारी नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम देशवासियों से सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम : मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड के ऐतिहासिक किलों की विशिष्टता और भोपाल की स्वच्छता के प्रति जागरूक महिलाओं की सराहना कर उत्साहवर्धन और प्रेरणा प्रदान करना दिव्य ऊर्जा और नवसंकल्प से अभिभूत करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जन-जन की शक्ति को राष्ट्र के नव निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।**

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर में बड़ी सफलता मिली, कारगिल विजय दिवस भी हमारी सेना के शौर्य के स्मरण का महत्वपूर्ण अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जन-जन को समर्थ बनाने के लिए राज्य सरकार रोजगार और स्वावलंबन की दिशा में कार्य कर रही है। मेहनतकश लोगों के लिए

### मन की बात देशवासियों से सीधा संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए एकत्र हुए स्थानीय रहवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम, देशवासियों से सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बन गया है और इससे देशभर की प्रेरणादायक जानकारियां मिलती हैं, जो राष्ट्र निर्माण के मार्ग में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। असम के काजीरंगा पार्क में हो रही पक्षियों की गणना हो या गुप्त गोदावरी में चल रहा स्वच्छता अभियान, मन की बात कार्यक्रम से जनता की इस तरह की पहल से पूरा देश अवगत होता है।



उद्योगों के रूप में मंदिर बनाने का क्रम राज्य में निरंतर जारी है। भोपाल की सीमा के पास रायसेन में विशाल रेल कोच निर्माण इकाई का भूमिपूजन 10 अगस्त को होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को 'मन की बात' के 124वें संस्करण का भोपाल के वार्ड क्रमांक 50 स्थित शील पब्लिक स्कूल में स्थानीय रहवासियों के साथ श्रवण करने के बाद यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर स्थानीय रहवासियों के साथ बरगद का पौधा भी रोपा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि' भोपाल की एक टीम का नाम 'सकारात्मक सोच' है, इसमें 200 महिलाएं हैं। ये सिर्फ सफ़ाई नहीं करती, सोच भी बदलती हैं। एक साथ मिलकर शहर के 17 पार्कों की सफ़ाई करना, कपड़े के थैले बाँटना, इनका हर कदम एक संदेश है। ऐसे प्रयासों की वजह से ही भोपाल भी अब स्वच्छ सर्वेक्षण में काफी आगे आ गया है। साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि 'बुन्देलखंड में ऐसे कई किले हैं, ग्वालियर, झांसी, दतिया, अजयगढ़, गढ़कुंडार, चंदेरी। ये किले सिर्फ ईंट-पत्थर के नहीं हैं, ये हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं। संस्कार और स्वाभिमान, आज भी इन किलों की ऊंची-ऊंची दीवारों से झांकते हैं। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूँ कि इन किलों की यात्रा करें, अपने इतिहास को जानें, गौरव महसूस करें।'

**डीजीपी ने दिए निर्देश**

# वर्दी पहनकर रील बनाने वाले पुलिसकर्मियों पर होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। वर्दी पहनकर या पुलिस थाने में रील बनाने का शौक पुलिसकर्मियों पर भारी पड़ेगा। इसे सिविल सेवा आचरण संहिता का उल्लंघन मानते हुए निंदा से लेकर विभागीय जांच और निलंबन तक की कार्रवाई हो सकती है। कार्रवाई इस बात पर निर्भर करेगी कि रील में किस तरह का कंटेंट है।**

अश्लीलता या पुलिस की छवि खराब करने वाले वीडियो में निलंबन तक की कार्रवाई हो सकती है। रीवा जिले की सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा का एक गाने पर थाने में बनाई गई रील सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। इसके बाद



डीजीपी कैलाश मकवाणा ने पुलिस अधिकारियों की वर्चुअल बैठक में इस पर सख्ती से रोक लगाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को अनुशासन में रहना चाहिए। कम से कम वर्दी में रहते हुए रील नहीं बनाएं। सभी पुलिस अधीक्षकों को इसके लिए निर्देश जारी करने को कहा है। इसके पहले अंकिता मिश्रा की रील सामने आने के बाद रीवा डीआइजी राजेश चंदेल अपने जोन के सभी पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में निर्देश जारी कर चुके हैं। पुलिसकर्मियों द्वारा वर्दी में रील बनाकर इंटरनेट मीडिया में प्रसारित करने का चलन बढ़ता जा रहा है। वर्दी में उन्हें व्यूज, लाइक और कमेंट भी खूब मिलते हैं, पर सरकारी कर्मचारी खासतौर पर वर्दी वाली सेवाओं में इसे अनुशासनहीनता माना जाता है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित कई राज्यों में वर्दी में रील बनाने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो चुकी है। प्रतिबंध भी लगाया जा चुका है। पुलिसकर्मियों के अतिरिक्त थानों में अन्य लोगों की रील भी प्रदेश में सामने आ चुकी है, जो सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नहीं हैं। श्योपुर के ओछापुर थाने में काम करने आए युवकों ने वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर डाला था। निंदा, कारण बताओ नोटिस, सेवा पुस्तिका में प्रविष्टि, विभागीय जांच, स्थानांतरण, निलंबन और मामला गंभीर होने पर बर्खास्तगी।

# बुआ को करंट से बचाने दौड़ा भतीजा, दोनों की मौत दो परिवारों में पसरा मातम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** छिंदवाड़ा जिले के परासिया के गायगोहान गांव में एक झटके में दो जिंदगियां बुझ गईं। एक बुआ, जो घर के सामने बंधी गाय को खोल रही थीं और एक भतीजा, जो उन्हें बचाने में अपनी जान गंवा बैठा। एक साथ दो मौतों से गांव में सन्नाटा पसरा है लोगों की आंखें नम हैं।

जानकारी के अनुसार, घटना रविवार दोपहर करीब 12 बजे की है। 60 वर्षीय सुमरोबाई पति फग्गू यदुवंशी अपने घर के सामने बंधी गाय को खोल रही थीं। इस दौरान पास ही लगे ट्रांसफार्मर से फैले करंट ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इससे वे जमीन पर गिर पड़ीं, कांपने लगीं और दर्द से चीख उठीं। बुआ की चीख सुनते ही घर के भीतर मौजूद उनका 27 वर्षीय भतीजा पवन पिता नेवालाल यदुवंशी बाहर दौड़ा। उसने करंट लगने से तड़प रही बुआ को खींचने की कोशिश की, लेकिन जैसे ही उसने उनका हाथ पकड़ा, वह खुद भी करंट की चपेट में आ गया। इसके बाद गांव वालों और परिजनों ने दोनों को बेसुध हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पिता की मौत से अनाथ हुए दो मासूम

पवन अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी चार साल पहले शादी हुई थी। उसके एक साल का बेटा और दो साल की बेटी है। पवन की मौत से मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। पवन खेती कर किसी तरह परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी मौत के साथ ही घर का एकमात्र कमाने वाला भी चला गया।

# करंट लगने से बिजलीकर्मी मृत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास, एजेंसी।** ट्रांसफार्मर सुधारने के दौरान बिजली कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना शनिवार की है। परिजन और ग्रामीणों ने रविवार सुबह इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। वे जिम्मेदार अधिकारियों को बर्खास्त करने और मृतक की पत्नी को 1 करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। तहसीलदार नीरज प्रजापति और एमपीईबी बागली के आश्वासन के बाद परिजन माने। 3 घंटे बाद चक्काजाम खत्म हुआ। परिजनों को दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने और नौकरी से बर्खास्तगी का भरोसा दिया गया है। 10 लाख का मुआवजा देने के आश्वासन के बाद वे माने और शव अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

**मध्य प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र आज से**

# ओबीसी आरक्षण पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस, हंगामेदार सत्र के आसार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। यह सत्र 8 अगस्त तक चलेगा और कुल 10 बैठकें प्रस्तावित हैं। पहले ही दिन ओबीसी आरक्षण के मुद्दे को लेकर कांग्रेस सरकार को घेरने की तैयारी में है। इसके चलते सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। वहीं, सरकार ने भी कांग्रेस के संभावित आरोपों का जवाब देने के लिए तैयारी की है। सत्र के एक दिन पहले कांग्रेस ने विधायक दल की बैठक आयोजित की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पार्टी भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार, विभिन्न घोटालों, आदिवासी, किसान, दलित, महिला और युवा वर्ग से जुड़े मुद्दों के साथ-साथ रोजगार के सवालों पर भी घेरने की रणनीति अपनाएगी।

**श्रद्धांजलि से होगी सत्र की शुरुआत-** विधानसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। शुरुआत में दिवंगत नेताओं, प्रसिद्ध कलाकारों, पहलगाम हमले में मृतक और अहमदाबाद विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके पश्चात प्रश्नोत्तर काल चलेगा। जिसके बाद उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, डॉ. राजेंद्र शुक्ल, कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य मंत्री अपने-अपने विभागों की अधिसूचनाएं पटल पर रखेंगे।

**ध्यानाकर्षण में उठेंगे स्थानीय मुद्दे-** ध्यानाकर्षण सूचना के तहत वरिष्ठ विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा नर्मदापुरम जिले के इटारसी में न्यास कॉलोनी की अधिगृहित भूमि पर मुआवजा न मिलने का मुद्दा उठाएंगे। वहीं कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल धार जिले के सरदारपुर में उदीयमान फुटबॉल खिलाड़ियों को सुविधाओं की कमी का विषय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री के समक्ष रखेंगे।

ये भी पढ़ें- MP News: डिप्टी सीएम शुक्ल बोले-इन्फ्लुएंसर्स के जरिए दुनिया तक पहुंचेगी प्रदेश के पर्यटन स्थलों की खूबसूरती

**रिकॉर्ड संख्या में पूछे गए प्रश्न-** इस बार विधायकों द्वारा कुल 3377 प्रश्न लगाए गए हैं, जिनमें से 2000 से अधिक प्रश्न ऑनलाइन माध्यम से तथा 1301 प्रश्न ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुत किए गए हैं। 12 दिनों के इस सत्र में 10 बैठकें होंगी, जिनमें 226 ध्यानाकर्षण सूचनाएं, 23 अशासकीय संकल्प और शून्यकाल की 65 सूचनाएं विधायकों द्वारा दी गई हैं।

# संपादकीय

## भारत के पास विस्तारवादी चीन के मंसूबे से उबरने के उपाय क्या हैं?

चीन ने तिब्बत में दुनिया के जिस सबसे बड़े जलविद्युत परियोजना पर काम शुरु किया है। यह सामरिक और भौगोलिक रुप से अकेले भारत के लिए चुनौती नहीं है। यह भूटान, बांग्लादेश और यहां तक कि म्यांमार तक के लिए भी कम जोखिम वाला प्रोजेक्ट नहीं है। कहने के लिए चीन ने अपनी जरुरतों के लिए यारलुंग जांग्बो (ब्रह्मपुत्र) नदी पर यह विशाल डैम प्रोजेक्ट लॉन्च किया है, लेकिन इससे दक्षिण एशिया क्षेत्र में एक नया भू-राजनीतिक तनाव बढ़ सकता है। भारत अभी तक चीन के इस 167.8 बिलियन डॉलर की परियोजना पर बहुत ही सधी हुई प्रतिक्रिया दे रहा है, लेकिन यह बात भी छिपी नहीं है कि असम और अरुणाचल प्रदेश में चीन की इस हरकत को लेकर चलते चिंता काफी बढ़ चुकी हैं। इन परिस्थितियों में सवाल उठता है कि भारत के पास विस्तारवादी चीन के मंसूबे से उबरने के उपाय क्या हैं? चीन की ब्रह्मपुत्र परियोजना थ्री गोरजेस डैम से भी तीन गुना बड़ी है। इससे 60,000 मेगावाट बिजली पैदा करने की तैयारी है। यहां तक तो ठीक है। लेकिन, इस तथ्य से भारत कैसे मुंह मोड़ सकता है कि चीन जिस इलाके में अपने इतने विशाल मंसूबे को अंजाम दे रहा है, वह हिमालय का वह क्षेत्र है, जो दुनिया में भूकंप के लिए सबसे ज्यादा संवेदनशील है। यहीं पर भारतीय और यूरेशियाई टेक्टोनिक प्लेटें आपस में टकराती हैं। अगर किसी बड़े भूकंप की वजह से बांध में दरार आती है तो इसके निचले इलाके में अकल्पनीय तबाही आ सकती है। यह पूर्वोत्तर भारत के लिए ही नहीं, भूटान, बांग्लादेश और म्यांमार तक मानवीय गतिविधियों की वजह से होने वाला अप्रत्याशित नरसंहार साबित हो सकता है। ज्यादा दिन नहीं हुए हैं। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू चीन के इस प्रोजेक्ट को क्षेत्र के'अस्तित्व के लिए खतरा' और 'वॉटर बम' बता चुके हैं। उनकी आशंका बेवजह नहीं है। उनके मुताबिक यह प्रोजेक्ट सियांग बेल्ट में तबाही ला सकता है। वो कह चुके हैं कि 'कोई नहीं जानता कि चीन क्या कर सकता है..'। लेकिन, बड़ा सवाल है कि भारत के पास विकल्प क्या है। तिब्बत अभी चीन के स्वामित्व में है। भारत ने कूटनीतिक तौर पर भी सिर्फ इतना कहा है कि चीन निचले क्षेत्रों के हितों का ध्यान रखे। दूसरी तरफ चीन का कहना है कि यह प्रोजेक्ट उसके अधिकार क्षेत्र में है, अलबत्ता उसने भारत और बांग्लादेश के साथ 'उचित बातचीत' करने से इनकार भी नहीं किया है। कुछ एक्सपर्ट जो चीन की विस्तारवादी नीति से परिचित हैं और उसकी चालबाजियों को समझते हैं, उनका मानना है कि भारत को अपनी चिंताएं खुलकर जाहिर करनी चाहिए। उससे हाइड्रोलॉजिकल और ऑपरेशनल डेटा मांगना चाहिए।

isha



जो लोग जीवन से भरपूर हैं उन्हें जीने के लिए किसी मकसद की जरूरत नहीं होती। जीवन अपने आपमें ही एक मकसद है।

– जग्गी वासुदेव

### सैर सपाटा

# ट्रेन टिकट बुक करते समय करें ये एक काम, मुफ्त में होगा एसी में अपग्रेड



यात्रा चाहें लंबी हो या फिर छोटी, बहुत से लोग ट्रेन में सफर करना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ट्रेन की यात्रा कम्फर्टेबल होती है और हर वर्ग का व्यक्ति अपनी सुविधा अनुसार क्लास चुनकर यात्रा कर सकता है। इसी के साथ ट्रेन का सफर काफी मजेदार भी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ट्रेन ट्रैवल में अलग-अलग तरह के लोगों से मिलना होता है, वहीं परिवार के साथ जाने पर एक दूसरे के साथ अच्छा टाइम स्पेंड भी हो जाता है। बहुत से लोग अक्सर ट्रेन में यात्रा तो करते हैं लेकिन रेलवे के नियमों से अनजान हैं। क्या आप जानते हैं कि कोई व्यक्ति अगर स्लीपर क्लास का टिकट बुक कर रहा है तो ये एसी क्लास में भी अपग्रेड हो सकती है। जानिए कैसे-



### क्या हैं टिकट अपग्रेड करने के नियम

IRCTC की ऑटो-अपग्रेड पोलिसी में चार्ट तैयार होने के बाद सीटें होने पर ट्रेन टिकटों को हाई क्लास में मुफ्त अपग्रेड मिल सकता है। यह अपग्रेड आमतौर पर स्लीपर क्लास और सीटिंग क्लास के वेटिंग लिस्ट वाले टिकटों पर लागू होता है। यह अपग्रेड ऑटोमैटिक होता है और हाई क्लास में सीट खाली होने पर डिपेंड करता है। हालांकि, आपकी टिकट दो हाई क्लास तक ही अपग्रेड हो सकती है।

### ट्रेन टिकट बुक करते समय करें ये एक काम

टिकट अपग्रेड की सुविधा पाने के लिए यात्रियों को आईआरसीटीसी ट्रेन टिकट बुक करते समय अपग्रेड ऑप्शन चुनना होगा। अगर ये ऑप्शन न चुना जाए तो सुविधा नहीं मिलेगी। कैसे चुनें ऑप्शन-

1. ट्रेन टिकट बुक करते समय चुनी गई ट्रेन के लिए अपनी सुविधा के मुताबिक क्लास पर क्लिक करें।
2. फिर यात्री का विवरण, जैसे नाम, उम्र, लिंग, बर्थ प्रेफरेंस और बाकी जानकारी भरें।
3. अपनी टिकटों को हाई क्लास में अपग्रेड करने के लिए ऑटो-अपग्रेड वाले चेकबॉक्स पर क्लिक करें।
4. हाई क्लास में अपग्रेड होने पर यात्रियों के पीएनआर में कोई बदलाव नहीं होगा।

New Delhi

# रिजिजू की विपक्ष को दो टूक: संसद में 'लक्ष्मण रेखा' पार न करने की दी चेतावनी, कहा- पाकिस्तान की भाषा न बोलें

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** आज लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से पहले केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से लोकसभा में चर्चा के दौरान लक्ष्मण रेखा पार न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान सोच-विचारकर बोले ताकि पाकिस्तान विपक्षी नेताओं के बयानों को अपने हित में इस्तेमाल न कर पाए।

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर को लेकर होने वाली चर्चा पर विपक्ष को आगाह करते हुए कहा कि 'मैं विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस से अनुरोध करता हूं कि वे भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने वाला कुछ भी न करें और पाकिस्तान की भाषा



न बोलें। हमें सावधान रहना होगा... हमें भारतीय सशस्त्र बलों की गरिमा बनाए रखनी होगी। कांग्रेस और विपक्ष को ऐसा कुछ भी नहीं बोलना चाहिए जिससे राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचे। वे भारत के खिलाफ जो कुछ भी बोलते हैं, उसका इस्तेमाल पाकिस्तानियों और भारत के बाहरी दुश्मनों द्वारा किया जाता है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा है कि जब उसने भारत की खींची हुई रेड लाइन (सीमा) पार की, तो आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया। रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जब रावण ने लक्ष्मण रेखा पार की, तो लंका जल गई। जब पाकिस्तान ने भारत की सीमा लांघी, तो उसके आतंकी कैंपों पर कहर टूटा।लोकसभा में आज जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले और फिर उसके जवाब में मई में भारतीय सेना द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी है।

Uttarpradesh

## डब्लू यादव... बिहार में 24 मुकदमे और यूपी में एनकाउंटर, 50 हजार के इनामी बदमाश को हापुड़ में ऐसे मार गिराया



**हापुड़, (एजेंसी)** यूपी के हापुड़ जिले के सिंभावली में नोएडा एसटीएफ और यूपी पुलिस ने बिहार के कुख्यात अपराधी डब्लू यादव को मार गिराया. डब्लू यादव पर बिहार में 24 से अधिक संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज थे और वह 50 हजार रुपये के इनाम का घोषित अपराधी था. डब्लू यादव, मूल रूप से बिहार के बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना अंतर्गत ज्ञानडोल गांव का निवासी था. वह पिछले डेढ़ दशक से अपराध की दुनिया में सक्रिय था और उसका नाम बेगूसराय के अपराधियों की सूची में सबसे ऊपर रहा है. डब्लू यादव के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, लूट, रंगदारी, अवैध हथियार रखना, गवाही देने वालों पर हमला, अपहरण जैसे कुल 24 संगीन आपराधिक मामले दर्ज थे. इनमें से 22 मुकदमे सिर्फ बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में दर्ज हैं. इसके अलावा एक मुकदमा बलिया (उत्तर प्रदेश) और एक मुंगेर (बिहार) में दर्ज है. उसका गैंग बेगूसराय में वर्षों से सक्रिय था और यह गैंग जिला स्तर पर हत्या, जबरन वसूली और अवैध हथियारों की सप्लाई में शामिल रहा है. पुलिस रिकॉर्ड्स के मुताबिक, डब्लू यादव एक सुनियोजित गैंग ऑपरेटर था जो डर और हिंसा के बल पर इलाके में अपना प्रभाव बनाए रखता था. हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम पार्टी) के प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार यादव उर्फ राकेश कदम को दिनांक 24 मई 2025 को अगवा कर दियारा क्षेत्र में ले जाकर उनकी हत्या कर शव को बालू में गाड़ दिया गया था.

Bihar

## 90 मिनट में 50 लोगों को काटा, बिहार में पागल कुत्ते की वजह से भगदड़ जैसे हालात

**सासाराम, (एजेंसी)** बिहार के सासाराम जिले में नासरीगंज प्रखंड के अतिमीगंज, जमालपुर व हरिहरगंज में एक पागल कुत्ते के आतंक से स्थानीय लोगों में भय का माहौल व्याप्त हो गया था। रविवार सुबह पागल कुत्ते ने डेढ़ घंटे में लगभग 50 लोगों को काट लिया। इस दौरान कई मवेशी भी कुत्ते के शिकार हुए। कुत्ते के आतंक से भगदड़ जैसे हालात बन गए थे। आखिर में गुस्साए ग्रामीणों ने कुत्ते को घेर कर मार डाला। बताया जाता है कि रविवार सुबह एक पागल कुत्ते के आतंक से लोग खौफजदा हो गए। देखते ही देखते कुत्ते ने लगभग 50 लोगों को काट लिया। कुत्ते के आतंक से लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। आतंक को देखते हुए हरिहरगंज वार्ड संख्या 14 के युवकों ने कुत्ते को घेर कर मार डाला। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार सुबह पांच बजे पागल कुत्ते ने सुबह टहलने के लिए निकले अतमिगंज के ग्रामीणों पर हमला करना शुरू किया। उन्होंने बताया कि सड़क पर जो भी दिखाई देता, कुत्ता उसे अपना शिकार बनाते गया। किसी को गला तो किसी के पैर व हाथ पर कुत्ते ने काट लिया। घायलों को प्राथमिक उपचार करने के बाद एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया गया।

Himachal Pradesh

## नैना देवी मंदिर से लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी पलटने से 6 की मौत, दो लोग नहर में बहे

**हिमाचल प्रदेश, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश के तीर्थस्थल माता नैना देवी मंदिर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप गाड़ी पलटने से 6 लोगों की मौत हो गई। वाहन देर रात लुधियाना जिले में मलेरकोटला रोड पर असंतुलित होकर जगेड़ा नहर में जा गिरा। इस भीषण हादसे में दो बच्चों समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो लोग पानी में बह गए, जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। इस हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें हस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, पानी में बहे लोगों की तलाश में बचाव अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गांव मानकवाल के रहने वाले कुछ लोग रात 10 बजे के करीब हिमाचल प्रदेश में माता नैना देवी मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे। पिकअप गाड़ी में 22 लोग सवार थे, जिस वजह से



गाड़ी ओवरलोड थी। गाड़ी काफी तेज रफ्तार में थी और एक वाहन को ओवरटेक करते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी सीधे नहर में जा गिरी। हादसे के बाद चीख पुकार मच गयी। आसपास के ग्रामीणों ने बिना देर किए पानी में कूदकर बचाव की कोशिशें शुरू कर दी। कई श्रद्धालु पानी के तेज बहाव में बह गए जबकि कुछ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

## गिल-जडेजा और सुंदर के शतकों ने भारत को पारी की हार के संकट से निकाला, चौथा टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त

**मैनचेस्टर, एजेंसी।** शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर की शतकीय पारियों के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए चौथे टेस्ट मैच को ड्रॉ करा लिया। इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन और ऋषभ पंत की अर्धशतकीय पारियों के दम पर 358 रन बनाए थे। पहली पारी में इंग्लैंड ने 10 विकेट पर 669 रन बनाए और 311 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद भारत ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 425 रन बनाए और मैच ड्रॉ पर समाप्त कर दिया। इंग्लैंड अब भी पांच मैचों की इस सीरीज में 1-2 से आगे है। मौजूदा सीरीज का आखिरी मुकाबला 31 जुलाई से द ओवल में खेला जाएगा।

पांचवें दिन भारत की दूसरी पारी दो विकेट पर 174 के स्कोर से शुरू हुई। उस वक्त टीम इंडिया इंग्लैंड से 137 रन पीछे थी और क्रीज पर शुभमन गिल



और केएल राहुल मौजूद थे। पहले सत्र में भारत को 188 रन के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। बेन स्टोक्स ने केएल राहुल को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह वह 230 गेंदों में 90 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए गिल के साथ 421 गेंदों में 188 रन की साझेदारी निभाई। इस तरह केएल राहुल और शुभमन गिल ने इंग्लैंड में किसी भी भारतीय जोड़ी द्वारा एक टेस्ट में सबसे ज्यादा गेंदें खेलने का रिकॉर्ड बनाया। पिछला रिकॉर्ड संजय बांगर और राहुल द्रविड़ (405) के नाम था, जो उन्होंने 2002 में लीड्स में बनाया था।

पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए वाशिंगटन सुंदर ने शुभमन गिल के साथ 34 रनों की साझेदारी निभाई। इस दौरान कप्तान गिल ने 238 गेंदों में 103 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 12 चौके निकले। गिल ने 228 गेंदों में मौजूदा सीरीज में चौथा शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का नौवां सैकड़ा भी है। इसी के साथ गिल ने ब्रैडमैन की बराबरी कर ली। बतौर कप्तान किसी सीरीज में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड ब्रैडमैन के नाम दर्ज है। उन्होंने 1947 में भारत के खिलाफ चार शतक जड़े थे। गिल को आर्चर ने विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया।

**सुंदर और जडेजा के बीच 200+ रन की नाबाद साझेदारी**

इसके बाद वाशिंगटन सुंदर को रवींद्र जडेजा का साथ मिला। दोनों ने आखिरी दम तक भारत की पारी को संभाला और न सिर्फ भारत पर मंडराए पारी से हार के संकट को टाला बल्कि मैच ड्रॉ भी कराया। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 334 गेंदों में 203 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। इस दौरान जडेजा ने 182 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का पांचवां शतक पूरा किया जबकि सुंदर ने 206 गेंदों में अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया। दोनों क्रमशः 107 और 101 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले भारत की दूसरी पारी में झटकों के साथ शुरुआत हुई थी। क्रिस वोक्स ने पारी की शुरुआत के साथ यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन को अपना शिकार बनाया।

## संजय दत्त के नाम पर ₹72 करोड़ की प्रॉपर्टी छोड़ गई थी फैन, एक्टर ने बताया उन पैसों का क्या किया?



बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त की बहुत स्ट्रॉन्ग फैन फॉलोइंग है। संजू बाबा की लाइफ में चाहे कितने ही स्पीड ब्रेकर्स आए हों, उनके फैंस हमेशा उनके साथ खड़े रहे हैं। संजय दत्त के एक से बढ़कर एक क्रेजी फैन रहे हैं, उनके सबसे अनूठे फैंस में एक फीमेल फैन भी रही है जो मरने से पहले संजय दत्त के नाम पर 72 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी छोड़ गई थी। संजय दत्त ने एक हालिया पॉडकास्ट में बताया कि उन्होंने उन पैसों का क्या किया। संजय दत्त अभी रणवीर सिंह के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' को लेकर सुर्खियों में हैं। यूट्यूब चैनल कर्ली टेल्स के साथ बातचीत में संजय दत्त से जब पूछा गया कि उनके बारे में खबर आई थी कि एक फैन उनके नाम पर करोड़ों रुपये की रकम छोड़ गई है, क्या यह सच बात है? इस बात पर संजय दत्त ने हामी भरी और माना कि वाकई उनकी एक फैन मरने से पहले 72 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी उनके नाम कर गई थी। इसके आगे जब संजय दत्त से पूछा गया कि आखिर उन्होंने उन पैसों का क्या किया तो संजू बाबा ने बताया, "मैंने उनके परिवार को वापस कर दिए।"

## Highlights

1. **Manipur returning to peace and normalcy: Governor Ajay Bhalla**
2. **Tourism in Maldives to increase after PM Modi's visit: Prez Muizzu**
3. **IMD issues yellow alert for Mumbai, Thane, Palgarh**
4. **UP men beaten, forced to drink urine for reporting 'love jihad'**
5. **Babbar Khalsa terrorist held in Delhi for Punjab grenade attack**

# TCS layoffs sound alarm bells for senior techies, managers; CEO says 'A very senior person may not...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Tata Consultancy Services (TCS), India's largest IT services provider, will lay off two percent of its workforce in a move that will affect around 12,000 employees. The layoffs will primarily affect middle and senior management, Reuters reported, citing the company on Sunday.

Layoffs at TCS

Considered the bellwether of the Indian IT industry, TCS's announcement has sounded alarm bells for techies who have seen a veritable bloodbath in terms of layoffs over the last few years. TCS chief executive officer and managing director K Krithivasan told Moneycontrol that AI is not to be blamed for the workforce reduction.

"No, this is not because of AI giving some 20 percent productivity gains. We are not doing that. This is driven by where there is a skill mismatch, or, where we think that we have not been able to deploy someone," said Krithivasan.



"We trained a lot of people. We have trained about 550,000 people at the initial skills, 100,000 at the advanced skills. Essentially, after training whether we have the deployment feasibility issue.

"So, some of them could be trained, but maybe we are not able to train beyond level 1 and level 2 skills, because when the person is at a very senior person they may not be able to use the entry level skills," he explained.

Alarm bells for senior employees

The news of layoffs affecting middle and senior level employees, coupled with TCS CEO's statement, have reignited concerns about the 'shelf life' of a techie in what many are coming to see as an oversaturated industry.

"Always remember: When managers are not billable, they are huge cost to the company," wrote one X user. "Cost of one manager = cost of five junior developers".

# Can a higher ethanol blend negatively impact petrol prices?

**NEW DEIHI, (Agency).** Having achieved its 20% ethanol blending targets five years prior to its deadline, it's safe to say that biofuel is to play a key role in the central government's plan to reduce crude oil dependence. It's a win-win for both the government and the agricultural sector, which can now utilise excess sugar for ethanol production.




With the exception of Delhi, petrol prices range between ₹100 - ₹104.2 per litre. Earlier this year, the per-litre price of ethanol increased by ₹1.69, bringing the total ex-mill cost of ethanol produced for the purposes of blending with petrol to ₹57.97. Given that ethanol is a little over half the price of petrol, the 20% blend, which was achieved earlier this year, should theoretically be accompanied by a marginal drop in petrol prices. In 2021, a 20% blend was projected to reduce petrol prices by ₹8/litre, according to a report by CNBC TV18. That hasn't turned out to be the case.

In India, retail fuel prices are determined by international crude oil prices and the existing tax structure imposed by states via excise and VAT. While there has been no major fluctuation in VAT in the last couple of years, excise duty did go up in April, although the cost was not passed on to the customers, according to a report by Reuters. However, the benefit of the lower cost of production of ethanol has also not been passed down to the customers. In fact, it has indirectly added to the running cost of a petrol vehicle as ethanol burns much faster than petrol and isn't as energy efficient.

## मैकेनिकल कंपनी कर्मचारी ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। युवक मैकेनिकल कंपनी में कर्मचारी था। जब उसकी पत्नी रात को घर लौटी और दरवाजा खटखटाया, तो कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर जब रोशनदान से अंदर झांका गया, तो युवक फंदे पर लटका मिला।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 23 वर्षीय सुधांशु परमार पुत्र निर्भय सिंह परमार निवासी शुभम पैलेस, एरोड्रम के रूप में हुई है। वह एक मैकेनिकल कंपनी में कार्यरत था। शव को उसका दोस्त पंकज और छोटा भाई हिमांशु रात करीब 11 बजे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब 5 बजे सुधांशु कंपनी से घर लौटा था। उसने अपने भाई हिमांशु के साथ बैठकर नाश्ता किया और फिर कमरे में सोने चला गया। हिमांशु ने बताया कि सुधांशु को ड्यूटी के बाद आराम करने की आदत थी। सुधांशु की पत्नी और मां उस समय उज्जैन में एक पारिवारिक कार्यक्रम में गए हुए थे। रात करीब 9 बजे जब दोनों घर लौटे तो पत्नी ने दरवाजा खटखटाया। काफी देर तक अंदर से कोई जवाब नहीं मिला, न ही फोन उठाया गया। जब रोशनदान से झांका तो वह फंदे पर लटका मिला।

# पुलिसकर्मी और तांत्रिक बताकर सोने की अंगूठियां ले उड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में ईरानी गैंग ने फिर दो व्यापारियों से ठगी की। पलासिया और द्वारकापुरी में खुद को पुलिसकर्मी और तांत्रिक बताकर सोने की अंगूठियां ले उड़े। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।**

महावीर बाग निवासी सोना-चांदी व्यापारी प्रकाशचंद्र जैन शुक्रवार को अपनी एक्टिवा से तिलक नगर जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार दो युवक उनके पीछे आए और उन्हें रोक लिया। दोनों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और कहा कि आगे चोरी की वारदात हुई है, इसलिए अपनी अंगूठियां रूमाल में बांधकर रख लें। प्रकाशचंद्र ने जैसे ही चार अंगूठियां रूमाल में रखीं, मोटे कद के युवक ने रूमाल ठीक से बांधने के बहाने उसे हाथ में ले लिया और बातों में उलझाकर अंगूठियां निकाल लीं। रूमाल जेब में रखकर दोनों आरोपी वहां से चले गए। कुछ देर बाद जब रूमाल देखा गया तो उसमें अंगूठियां नहीं थीं। दूसरी वारदात द्वारकापुरी में टी कंपनी चलाने वाले व्यापारी अनुराग जैन के साथ हुई। 17 जुलाई को एक युवक दुकान पर चायपत्ती लेने के बहाने आया और तांत्रिक व पूजा-पाठ की बातें करने लगा। उसने अनुराग से कहा कि दोनों हाथों की अंगूठियां पर्स में 100 रुपए के साथ रख दें। ठग ने गल्ला खुलवाकर खुद ही अंगूठियां रखने की बात कही और फिर गल्ला बंद कर दुकान से चला गया। कुछ देर बाद जब अनुराग ने गल्ला देखा तो अंगूठियां गायब थीं। शनिवार को उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों वारदातों में शामिल आरोपी ईरानी गैंग के सदस्य हैं। इससे पहले भी ये आरोपी एरोड्रम और द्वारकापुरी क्षेत्र में बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बना चुके हैं। पलासिया और द्वारकापुरी पुलिस ने पीड़ितों को सीसीटीवी फुटेज दिखाए, जिनमें आरोपियों की पहचान की गई। फिलहाल पुलिस कंट्रोल रूम से एडवाइजरी जारी कर दी गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर एक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सिमरोल रोड पर शनिवार को हुए एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका फूफेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का अस्पताल में इलाज जारी है। दोनों युवक इंदौर से अपने घर खातेगांव जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिमरोल पुलिस के अनुसार, हादसे में 20 वर्षीय हुकुम, पुत्र दिनेश मंसोरे, निवासी खातेगांव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी बुआ का बेटा मनीष इस हादसे में घायल हो गया। हादसा ग्राम चोरल के पास हुआ, जब एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। दोनों युवक शनिवार को बाइक से इंदौर से खातेगांव के लिए निकले थे।

## फाइनेंस कंपनी कर्मचारियों ने युवक पर चाकू से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। तुकोगंज इलाके में निजी फाइनेंस कंपनी के ऑफिस मैनेजमेंट में काम करने वाले एक युवक पर उसके दोस्त के सामने चाकू से हमला कर दिया गया। हमला करने वाले तीनों आरोपी एक फाइनेंस कंपनी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने पीड़ित को बाइक देने के बहाने ऑफिस बुलाया और पैसों को लेकर विवाद के बाद उस पर चाकू से वार कर दिया।

पुलिस के अनुसार, मुजफ्फर पुत्र अकरम खान निवासी सीआरपी लाइन ने शिकायत दर्ज कराई है कि शनिवार शाम उसे आकाश वर्मा नामक युवक ने कॉल कर सीज की गई बाइक TVS Raider (MP09DK5286) लौटाने की बात कही। इसके बदले आकाश ने 28 हजार रुपए की मांग की, जिसमें कुछ रकम ऑनलाइन और बाकी नकद दी गई।

मुजफ्फर अपने दोस्त हर्ष गोयल के साथ न्यू पलासिया स्थित वेस्टर्न कॉर्पोरेट की दूसरी मंजिल पर स्थित फाइनेंस ऑफिस पहुंचा, जहां आरोपी आकाश वर्मा, मोइन खान और उनका एक साथी पहले से मौजूद थे। वहां उन्होंने और 8 हजार रुपए की मांग की। इस पर विवाद हो गया। जब हर्ष चाबी लेने ऑफिस के अंदर गया, तभी आरोपियों ने मुजफ्फर को पकड़कर उसके पैर और सीने पर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गए। घायल मुजफ्फर को दोस्त हर्ष गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उसे भर्ती किया गया। अधिक खून बहने के कारण उसकी हालत गंभीर है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक